**SECOND PREBOARD EXAMINATION (2019-20)**
**CLASS: X**

**Subject: HINDI 2L** **Date: 19 .01 .2020**
**Time allowed: 3 Hours** **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश :-

(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग, घ, ।
(2) सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
(4) एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए लिखिए।
(5) दो अंकों के प्रश्नों क उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।
(6) तीन अंकों के प्रश्नों क उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए ।

## खंड -क (अपठित अंश )

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

संसार के सभी देशों में शिक्षित व्यक्ति की सबसे पहली पहचान यह होती है कि वह अपनी मातृभाषा में दक्षता से काम कर सकता है। केवल भारत ही एक देश है जिसमें शिक्षित व्यक्ति वही समझा जाता है जो अपनी मातृभाषा में दक्ष हो या नहीं किंतु अंग्रेजी में उसकी दक्षता असंदिग्ध हो । संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति वह समझा जाता है जिसके घर में अपनी भाषा की पुस्तकों का संग्रह हो और जिसे बराबर यह पता रहे कि उसकी भाषा के अच्छे लेखक और कवि कौन हैं तथा समय-समय पर उनकी कौन- सी कृतियाँ प्रकाशित हो रही है, किंतु भारत में स्थिति दूसरी है यहाँ साज- सज्जा के आधुनिक उपकरण तो होते हैं अपनी भाषा की पुस्तकों का संग्रह न के बराबर होता है । यह सुदशा, दुरवस्था ही है और जब तक दुरवस्था कायम है हमें अपने-आप को सही अर्थों में ठीक- ठीक न्याय-संगत, शिक्षित और सुसंस्कृत मानने का अधिकार नहीं है ।

इस दुरवस्था का एक भयानक दुष्परिणाम यह है कि भारतीय भाषाओं के समकालीन साहित्य पर उन लोगों की दृष्टि नहीं पड़ती जो विश्वविद्यालयों के प्रायः सर्वोत्तम छात्र थे और अब शासन - तंत्र में ऊँचे पदों पर काम कर रहे हैं ।इस दृष्टि से भारतीय भाषाओं के लेखक केवल यूरोपीय और अमेरिकी लेखकों से हीन नहीं हैं, बल्कि उनकी किस्मत मिस्र ,वर्मा , इंडोनेशिया, चीन और जापान के लेखकों की किस्मत से भी खराब है क्योंकि इन सभी देशों के लेखकों की कृतियाँ वहाँ के अत्यंत सुशिक्षित लोग भी पढ़ते हैं । केवल हम ही हैं जिनकी पुस्तकों पर यहाँ के तथाकथित शिक्षक समुदाय की दृष्टि नहीं पड़ती । हमारा तथाकथित उच्च शिक्षित समुदाय जो कुछ पढ़ना चाहता है,उसे अंग्रेजी में ही पढ़ लेता है, यहाँ तक कि उसकी कविता और उपन्यास पढ़ने की तृष्णा भी अंग्रेजी कविता और उपन्यास पढ़कर ही समाप्त हो जाती है और उसे यह जानने की इच्छा ही नहीं होती कि जिस शरीर से वह जिस समाज का सदस्य है उसके मनोभाव उपन्यास और काव्य में किस अदा से अभिव्यक्त हो रहे हैं ।

१ संसार के सभी देशों में शिक्षित और सुसंस्कृत व्यक्ति की पहचान क्या है? 2
२ हमें स्वयं को सुशिक्षित और सुसंस्कृत मानने का न्याय संगत अधिकार भारत में क्यों नहीं

है? इस विषय में लेखक के क्या विचार है? 2
३ भारतीय भाषाओं के लेखकों की किस्मत किस दृष्टिकोण से और क्यों खराब है? 2
४ भारतीय शिक्षक समुदाय की पढ़ने की तृष्णा कैसे शांत हो जाती है? 2
५ गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए 1
1
६ 'न्यायसंगत' शब्द का विग्रह करके समास का नाम लिखिए? 1

## **खंड - ख** (व्यवहारिक व्याकरण )

**2.** शब्द पद कब बन जाता है ?
1

**अथवा**

शब्द एवं पद का उदाहरण लिखिए 1

**3. निम्नलिखित में से कोई तीन निर्देशानुसार कीजिए**
3

(१) घायल सैनिक शस्त्र उठाकर शत्रुओं से लड़ने लगा 1 (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

(२) जब पूछोगे तब बता दूँगा । (सरल वाक्य में बदलिए)

(३) मैंने कुसुम की बहुत प्रतीक्षा की पर वह नही आई । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(४) तुम वहाँ चले जाओ जहाँ गाडी रूकती है । (संयुक्त)

**4. (क) किन्ही दो का समास विग्रह कर समास का भेद बताइए –**
4

सज्जन , आपबीती , जलद-यान

**(ख) किन्ही दो का समस्तपद बनाकर समास का नाम बताइए-**

रसोई के लिए घर , सात सौ दोहों का समाहार , न देखा हुआ

**5. उचित मुहावरे से वाक्यों को पूरा कीजिए -**
4

(क) तुमने जरा-सी बातको लेकर तिल __________ है।

(ख) झाँसी की रानी की वीरता की गाथा सुनकर विदेशी भी दाँतों ________ है 1

(ग) माता ने पुत्र को बहुत समझाया परन्तु उसके कान _______________ 1

(घ) पुलिस ने अपराधी को ढूँढने में ______________दिया 1

**6. किन्ही चार अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए -**
4

(१) आइए, पधारिए आपका स्वागत है 1

(२) उनकी टीम क्रिकेट में जीत गए 1

(३) कितना वीभत्स ओफ ! दृश्य है यह ।

(४) तुम तुम्हारा काम स्वयं क्यों नही करते ?

(५) मेले में अनेकों लोग उपस्थित थे 1

**खंड- ग** (पाठय पुस्तक एवं पूरक पाठय पुस्तक )

**पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2+2+2)** 6

7. (क) ओपन लड़ाई किसे कहा गया है? यह अपूर्व क्यों थी ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए ।

(ख) गाँव में किस प्रकार का आयोजन हुआ? उसकी क्या विशेषता थी? पाठ 'तताँरा-वामीरो' कथा के आधार पर लिखिए ।

(ग) वजीर अली किस का कत्ल कर करके भागा था ? क्यों ?

8. ग्वालियर से मुंबई तक की दूरी में लेखक ने किस प्रकार के बदलाव की बात की है?' 'अब कहाँ दूसरों के दुःख में दुखी होने' वाले पाठ के आधार पर लिखिए । 5

अथवा

'झेन की देन' पाठ में लेखक वर्तमान को ही सत्य क्यों मानता है? स्पष्ट कीजिए ।

9. **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2+2+2)** 6

(क) प्रभु के विरह में राम वियोगी की कैसी हालत हो जाती है ?

(ख) दूसरे पद में मीरा ने प्रभु के दर्शन पाने के लिए किस युक्ति का सहारा लिया है ?

(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कवि की क्या प्रार्थना है ? उसकी प्रार्थना अन्य प्रार्थना गीतों से भिन्न कैसे है ?

10 'कर चले हम फ़िदा' कविता में सैनिक की देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ? 5

अथवा

'मनुष्यता' कविता आदर्श मानवता की ओर संकेत करती है । स्पष्ट कीजिए ।

11.

(क) इफ़्फ़न की दादी और टोपी के बीच मित्रता के क्या कारण थे? 3

अथवा

हरिहर काका के लिए परिवार और ठाकुरबारी ,दोनों ही काल और विकराल बन जाते हैं , कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक ने हेड मास्टर साहब का स्वभाव कैसा बताया है? 3

## <u>खंड – घ</u> (लेखन)

**12. किसी एक विषय पर ८० से १०० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए :-**
6

(क) नर हो न निराश करो मन को
- निराश न होने की प्रेरणा
- हिम्मत और शक्ति आवश्यक
- कर्म करके निराशा समाप्त करना

(ख) बढ़ती जनसंख्या का भयावह रूप
- कारण
- दुष्परिणाम
- समाधान

(ग) जननी व जन्मभूमि स्वर्ग से महान
- जननी एवं जन्मभूमि का जीवन में योगदान
- हमारे जीवन पर महान उपकार
- ऋण चुकाना कठिन

**13.** झुग्गी बस्ती में सामान्य सुविधाओं को जुटाने की प्रार्थना करने हेतु दिल्ली नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए l
5

**अथवा**

वन विभाग द्वारा लगाए गए वृक्ष सूखते जा रहे हैं l इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र के संपादक को समाधान के उपाय सुझाते हुए पत्र लिखिए l

**14.** ट्रेफिक जाम की समस्या पर ट्रेफिक पुलिस और एक अधेड़ व्यक्ति के बीच हुई बातचीत को लगभग 50 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।
5

**अथवा**

'प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरा' विषय पर दो मित्रों की बातचीत को लगभग 50 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए l

**15.** स्कूल विकास कमेटी के छात्र प्रतिनिधि के रूप में चंदा श्रीवास्तव की ओर से सभी छात्रों से आगामी वर्ष कैलेंडर निर्माण हेतु सुझाव आमंत्रित करते हुए सूचना-पत्र तैयार करें l

5

**अथवा**

मोहल्ला समिति के सचिव की ओर से कॉलोनी में रहनेवाले लोगों को जल संरक्षण हेतु सचेत करने के लिए सूचना लिखिए l

16. आप घर में खाना बनाकर कामकाजी लोगों के लिए 'टिफिन सर्विस' प्रदान करने के इच्छुक हैं । लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन बनाइये ।

**अथवा**

आप अपने घर का ऊपरी हिस्सा किराए पर देना चाहते हैं । उससे संबंधित लगभग 50 शब्दों में एक वर्गीकृत विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

---